हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ
14 नवम्बर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बढ़खालसा सामुदायिक केंद्र का नाम अमर शहीद दादा कुशाल सिंह दहिया के नाम पर रखने की घोषणा की।
- मुख्यमंत्री ने आज सोनीपत में 72वें राज्य स्तरीय सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ किया।
- सांसद नवीन जिंदल ने आज कुरुक्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन किया और युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।
- हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने नरवाना में डाक घर की नई शाखा का उद्घाटन किया।
- रोहतक के आईएमटी क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

-----------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नग्गल कलां से मनौली गांव जाने वाली सड़क का नाम और बढ़खालसा सामुदायिक केंद्र का नाम अमर शहीद दादा कुशाल सिंह दहिया के नाम पर रखने की घोषणा की। वे आज दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर सोनीपत के राई में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव बड़खालसा में दादा कुशाल सिंह दहिया के शहीदी स्मारक का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमार्ग से बड़खालसा जाने वाली सड़क, जो नग्गल कलां से मनौली गांव तक जाती है, का नाम दादा कुशाल सिंह दहिया मार्ग रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे दादा कुशाल सिंह दहिया जैसे वीरों के आदर्शों से प्रेरणा लें और भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प के साथ अपने धर्म, संस्कृति एवं देश की गरिमा की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने और कई घोषणाएं भी की जिनमें गांव दीपालपुर में ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि पर एक करोड़ रुपए की राशि से महिलाओं एवं युवाओं के लिए कौशल विकास पार्क बनाना, गांव दीपालपुर में 65 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक केंद्र का निर्माण और राई विधानसभा क्षेत्र में 25 किलोमीटर के रास्तों को

खेत-खलिहान योजना के तहत पक्का करवाना शामिल है। मुख्यमंत्री के कहा कि करवाया जाएगा।

------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सोनीपत में 72वें राज्य स्तरीय सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गांवों की प्रगति का रास्ता सहकारिता से होकर जाता है। सहकारी समितियों को मजबूत करने के लिए निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। सहकारिता क्षेत्र को आधुनिक और पारदर्शी व प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए 710 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल को सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। यह आयोजन सहकारिता से समृद्धि और समृद्धि से आत्मनिर्भरता के संकल्प को सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाएगा,

मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे पारंपरिक सोच से बाहर निकलकर सहकारी समितियां बनाएं और डिजिटल इंडिया के माध्यम से सहकारी समितियों को वैश्विक ब्रांड बनाएं।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के हर घर को सहकार से जोड़ने के लिए गम्भीरता से काम किया जा रहा है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सहकारिता प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

------------------------------------------------------------------------------------------

सांसद नवीन जिंदल ने आज कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया।उद्घाटन समारोह में पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, भारतीय जनता पार्टी के तमाम पदाधिकारियों सहित सैकड़ों खिलाड़ी शामिल हुए।इस अवसर पर श्री नवीन जिंदल ने कहा- 2- नवीन जिंदल-ए-31 सेकंड

श्री नवीन जिंदल ने युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि इस खेल महोत्सव में विजेता खिलाड़ियों को करीब ढाई करोड़ रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। पत्रकारों से बातचीत में श्री जिंदल ने कहा कि खेल महोत्सव के लिए करीब सवा तीन लाख खिलाड़ियों ने पंजीकरण करवाया है। उन्होंने कहा खेल महोत्सव तीन चरणों में सम्पन्न होगा।

------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज नरवाना के लघु सचिवालय परिसर में डाक घर की नई शाखा का उद्घाटन किया।

कैबिनेट मंत्री बेदी ने बताया कि बार एसोसिएशन की मांग पर उन्होंने केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से डाक घर की नई शाखा खोले के लिए पत्राचार किया। मांग को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री ने तुरंत प्रभाव से डाक घर शाखा खोलने की स्वीकृति प्रदान की ।

करनाल मंडल के प्रवर अधीक्षक पंकज मीणा ने बताया कि मंत्री बेदी के आग्रह पर ही नई शाखा को मंजूरी मिली है। उन्होंने कहा कि इस शाखा में न्याय परिसर के अधिवक्ता और उपमंडल प्रशासन से जुड़े विभाग रजिस्ट्री और अन्य डाक सेवाओं का आसानी से लाभ उठा सकेंगे।

---------------------------------------------------------------------------------------------

रोहतक के आईएमटी क्षेत्र में आज सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को काबू कर लिया गया।रोहतक पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मुठभेड़ के दौरान बलियाणा गांव में पिता -पुत्र की हत्या के मुख्य आरोपी संजय को गोली लगी है जबकि मुठभेड़ में भागने के दौरान 2 अन्य आरोपी चोट लगने से घायल हो गए।तीनों आरोपियों को इलाज के लिए पी जीआई में दाखिल कराया गया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने मौके से वारदात में प्रयुक्त 2 पिस्तौल, 3 जिंदा कारतूस, 3 खाली कारतूस,एक मोटरसाइकिल व एक स्कूटी बरामद की है। मुख्य आरोपी संजय और अन्य 2 आरोपियों के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। इलाज के बाद आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

--------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार ने वरिष्ठ अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह बेरवाल को तकनीकी शिक्षा विभाग का निदेशक नियुक्त किया है। वे वर्ष 2012 से विभाग में अतिरिक्त निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने अब तक तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------

36 वीं अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता आज संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में महाराष्ट्र ने कर्नाटक को 17 अंकों के अंतर से हराकर ट्राफी जीती। महाराष्ट्र को इस मैच में 41 और कर्नाटक को 17 अंक मिले।

डाक सेवाओं के महानिदेशक जितेंद्र गुप्ता ने पुरस्कार वितरण व समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विजेता टीमों और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पदक देकर सम्मानित किया।

-----------------------------------------------------------------------------------------